**गृह मंत्रालय की जुलाई 2024 में प्रमुख उपलब्धियां, उल्लेखनीय विकास और महत्वपूर्ण कार्यक्रम**

आपदा प्रतिरोधी इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए गठबंधन (सीडीआरआई) की समीक्षा बैठक का आयोजन माननीय गृह मंत्री की अध्यक्षता में दिनांक 25.07.2024 को किया गया।

2. राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि (एनडीआरएफ/राष्ट्रीय आपदा शमन निधि (एनडीएमएफ) के तहत वित्तीय सहायता के बारे में माननीय गृह मंत्री की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति (एचएलसी) की बैठक का आयोजन दिनांक 25.07.2024 को किया गया और 06 शहरों के लिए शहरी बाढ़ शमन, 03 राज्यों के लिए अग्निशमन सेवाओं का विस्तार और आधुनिकीकरण, 04 राज्यों के लिए जीएलओएफ जोखिम शमन और युवा आपदा मित्र योजना संबंधी प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

3. धारा 106 की उप-धारा (2) के प्रावधान को छोड़कर भारतीय न्याय संहिता, 2023 (बीएनएस) के उपबंध, प्रथम अनुसूची में बीएनएस की धारा 106(2) से संबंधित प्रविष्टि के उपबंधों को छोड़कर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) दिनांक 01 जुलाई, 2024 से लागू हो गए हैं।

4. केंद्रीय गृह सचिव ने दिनांक 04.07.2024 को कॉमन अलर्टिंग प्रोटोकॉल (सीएपी) में अखिल भारतीय स्तर पर आपदा अलर्ट के लिए सेल ब्रॉडकास्टिंग सॉल्यूशन को लागू किए जाने से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए सचिव, दूरसंचार विभाग के साथ बैठक की।

5. केंद्रीय गृह सचिव ने भारत में प्रकाश सुरक्षा संबंधी शमन परियोजना (एमपीएलएस) पर विचार करने के लिए दिनांक 22.07.2024 को बैठक आयोजित की।

6. केंद्रीय गृह सचिव ने असम में एनआरसी में शामिल लोगों का आधार कार्ड जारी करने के संबंध में दिनांक 26.07.2024 को बैठक की।

7. वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों के मुख्य सचिवों, पुलिस महानिदेशकों, सीएपीएफ एवं हितधारकों के महानिदेशकों के साथ वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए बैठक का आयोजन दिनांक 20.7.2024 को किया गया।

8. दिनांक 30.07.2024 और 31.07.2024 को, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल और ओडिशा, महाराष्ट्र, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ हेतु वर्ष 2024-25 की वार्षिक कार्य योजना (एडब्ल्यूपी) को अंतिम रूप देने के लिए अपर सचिव (एलडब्ल्यूई) की अध्यक्षता में बैठकें आयोजित की गईं।

9. कुल 28,026 ओसीआई कार्ड जारी किए गए, जिनमें पति/पत्नी के 460 मामले शामिल हैं।

10. भारतीय कारागारों में बंद 366 पाकिस्तानी कैदियों और 86 पाकिस्तानी मछुआरों के नामों की एक व्यापक सूची तैयार की गई है और दिनांक 01 जुलाई, 2024 को पाकिस्तान उच्चायोग के साथ आदान-प्रदान की गई है।

11. भारत के माननीय राष्ट्रपति ने निम्नलिखित विधेयकों को स्वीकृति प्रदान की :

(i) पंजीकरण (पंजाब संशोधन) विधेयक, 2023

(ii) राजस्थान कृषि उपज मंडी (संशोधन) विधेयक, 2022

(iii) केरल काजू कारखाना (अर्जन) (संशोधन) विधेयक, 2022

*****

**Major Achievements, significant Development and important events of Ministry of Home Affairs for the month of July, 2024.**

A review meeting of Coalition for Disaster Resilient Infrastructure (CDRI) was held under the Chairmanship of Hon'ble Home Minister on 25.07.2024.

2. A High-Level-Committee (HLC) Meeting, under the Chairmanship of Hon'ble Home Minister was held on 25.07.2024, related to the financial assistance under National Disaster Response Fund (NDRF)/National Disaster Mitigation Fund (NDMF) and the proposals for Urban Flood Mitigation of six cities, Expansion & Modernisation of Fire Services for three states, the GLOF Risk Mitigation for 4 states and the YUVA Aapda Mitra Scheme were approved.

3. The provisions of the Bharatiya Nyaya Sanhita, 2023 (BNS), except the provision of sub-section (2) of section 106, the Bharatiya Nagarik Suraksha Sanhita, 2023 (BNSS), except the provisions of the entry relating to section 106(2) of BNS in the first schedule, and the Bharatiya Sakshya Adhiniyam (BSA), have come into force from 1st July, 2024.

4. Union Home Secretary held a meeting with Secretary, DOT on 04.07.2024 to discuss the issues regarding the implementation of Cell Broadcasting Solution for Disaster Alerts at Pan- India level in Common Alerting Protocol (CAP).

5. Union Home Secretary held a meeting to consider the Mitigation Project on Lighting Safety (MPLS) in India on 22.07.2024.

6. On 26.7.2024, Union Home Secretary held a meeting regarding issue of Aadhar Cards in respect of people included in the NRC in Assam.

7. A review meeting on the security situation in LWE affected states was held on 20.7.2024 with Chief Secretaries, DGPs of LWE affected states, DGs of CAPFs and stakeholders.

8. On 30.07.2024 and 31.07.2024, meetings were held under the chairmanship of AS (LWE) to finalize Annual Work Plan (AWP) for 2024-25 for Madhya Pradesh, West Bengal and Odisha Maharashtra, Telangana and Chhattisgarh.

9. A total of 28,026 OCI Cards were issued, including 460 spouse based cases.

10. A Comprehensive list containing names of 366 Pakistani Prisoners and 86 Pak Fishermen, lodged in Indian Jails is prepared and exchanged with the Pakistan High Commission on 01st July, 2024.

11. The Hon'ble President of India assented to the following bills:

   (i) The Registration (Punjab Amendment) Bill, 2023
   (ii) The Rajasthan Agricultural Produce Markets (Amendment) Bill, 2022
   (iii) The Kerala Cashew Factories (Acquisition) (Amendment) Bill, 2022

*****